प्रकाशनार्थ।

27 फरवरी, 2024 गोरखपुर।

स्वतंत्रता की अलख जगाने वाले महान क्रांतिकारी वीर चंद्रशेखर आजाद के आज बलिदान दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए गुरु श्री गोरखनाथ चिकित्सालय के उच्च कृत ब्लड बैंक में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।
आज के सिविर में ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर अवधेश अग्रवाल ने कहा कि हमारे देश की स्वतंत्रता में क्रांतिकारी वीर चंद्रशेखर आजाद का महत्वपूर्ण योगदान है , आज उनका बलिदान दिवस है । इस अवसर पर गोरखनाथ ब्लड बैंक उनको विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहा है यह ब्लड बैंक देश की स्वतंत्रता में महान बलिदानियों और शहीदों के सम्मान में हमेशा अग्रणी रहा है इसी क्रम में यह आज का रक्तदान शिविर वीर चंद्रशेखर आजाद को समर्पित है । इस अवसर पर रवि प्रकाश आनंद राय , रोहित, गोपी कृष्ण, सर्वेश कुमार सिंह , सूरज त्रिपाठी, देवेंद्र विश्वकर्मा सहित 20 रक्तदानियों ने रक्तदान किया ।
शिविर में प्रमुख रूप से चिकित्सालय के निदेशक डॉ दीपचंद ठाकुर , अपर निदेशक डॉक्टर कामेश्वर सिंह , तथा ब्लड बैंक के टेक्नीशियन की उपस्थिति में शिविर को संपन्न कराया गया । सभी रक्तवीरों को ब्लड बैंक की ओर से प्रशस्ति प्रमाण पत्र दिया गया।